# दिनांक 07.02.2024 को जिलाधिकारी /अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की अध्यक्षता में जनपद लखीमपुर में आवंटित क्लस्टर में आई0एस0ए0 गतिविधियों के संचालन तथा अवशेष ग्रामों के क्लस्टर के आवंटन के सम्बन्ध में सम्पन्न हुई

# बैठक का कार्यवृत्त।

राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (नमामि गंगे एवं जलापूर्ति विभाग) के पत्रांक 4167/डब्लू 314/(vol-6)/2023-24 दिनांक 29.12.2023 द्वारा जलजीवन मिशन के अन्तर्गत चयनित इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (आई0एस0ए0) को 40 ग्रामपंचायतों का 01 क्लस्टर के आधार पर प्रति क्लस्टर न्यूनतम दर रू0 55,00000.00 (रू0 पचपन लाख) एवं देय जी0एस0टी0 पर जनपद आवंटन की कार्यवाही किये जाने का प्रावधान है। अग्रेतर कार्य की अधिकता, महत्वता एवं समयबद्धता के दृष्टिगत जनपद में वर्तमान में अवशेष 105 ग्रामपंचायतों/116 राजस्व ग्रामों में योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (आई0एस0ए0) को क्लस्टर आवंटित किये जाने के निर्देश दिये हैं।

उक्त के अनुपालन में बैठक में प्रतिभाग करने हेतु जनपद में तैनात आई0एस0ए0 एजेंसियों को कार्यालय के पत्र संख्या 208/WS-36/02 दिनांक 30.01.2024 तथा दूरभाष से अवगत कराया गया। निम्न आई0एस0ए0 एजेंसियों के द्वारा बैठक में प्रतिभाग किया गया :-

1– मै0 शिक्षा भारती 67, गायत्रीपुरम, कुर्सी रोड लखनऊ।
2– मै0 प्रोग्राम सपोर्ट यूनिट फाउन्डेशन 4, रफी अहमद किदवई मार्ग कन्टोनमेन्ट लखनऊ।
3– मै0 जे0पी0एस0 फाउन्डेशन के–571, सेक्टर –के आशियाना कानपुर रोड, लखनऊ।
4– मै0 हेल्प फाउन्डेशन सफीपुरा, जनपद– बहराइच।
5– मै0 ह्यूमन अप्लीफ्टमेन्ट मिशन (एच0यू0एम0) न्यू कालोनी, चकिवा चौराहा, जनपद देवरिया।

बैठक में प्रत्येक एजेंसियों से उनको पूर्व में आवंटित क्लस्टर में किये गये कार्यों एवं गतिविधियों की समीक्षा की गयी तथा यह भी निर्देशित किया गया कि जिनके कार्य धीमी गति से किये जा रहे हैं वह एजेंसियां प्रशिक्षित मानव संसाधन तथा आधारभूत संरचनाओं में वृद्धि कर राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, (SWSM) के दिशा–निर्देश के क्रम में समयान्तर्गत गुणवत्ता पूर्वक कार्य को पूर्ण करें।

जनपद लखीमपुर में 15 विकास खण्डों में 1163 ग्रामपंचायतें एवं 1690 राजस्व ग्राम हैं, पूर्व में आवंटित क्लस्टरों के पश्चात वर्तमान समय में जनपद लखीमपुर में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 13 विकास खण्डों 105 ग्रामपंचायतों के 116 राजस्व ग्राम अवशेष हैं जिनमें मानक के अनुसार 03 क्लस्टर बनाये गये हैं जो निम्नवत हैं:–

| क्रम संख्या | क्लस्टर संख्या | क्लस्टर में सम्मिलित ब्लाक का नाम /ग्रामपंचायतों की संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | ब्लाक का नाम | ग्राम पंचायतों की संख्या | कुल ग्राम पंचायत | राजस्व ग्राम कीसंख्या |
| 1 | कलस्टर–1 | पलिया | 12 | 35 | 15 |
| | | निघासन | 15 | | 15 |
| | | रमियांबेहड़ | 8 | | 9 |
| 2 | कलस्टर–2 | बांकेगंज | 8 | 36 | 8 |
| | | बिजुआ | 5 | | 6 |
| | | फूलबेहड़ | 5 | | 5 |
| | | लखीमपुर | 18 | | 20 |
| 3 | कलस्टर–3 | धौरहरा | 13 | 34 | 15 |
| | | नकहा | 1 | | 1 |
| | | ईशानगर | 10 | | 12 |
| | | मितौली | 5 | | 5 |
| | | बेहजम | 1 | | 1 |
| | | पसगवां | 4 | | 4 |
| | | **Total** | **105** | **105** | **116** |

बैठक में जनपद के अवशेष उक्त क्लस्टरों के राजस्व ग्रामों में आम जनमानस को पेयजल के संरक्षण एवं महत्व के लिए जनजागरूकता, सामुदायिक भागीदारी, नियोजन, गुणवत्ता नियंत्रण एवं संचालन/अनुरक्षण हेतु प्रबन्धन किये जाने हेतु इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (आई0एस0ए0) को आवंटित करने हेतु विचार विमर्श किया गया। समीक्षा के दौरान यह तथ्य संज्ञान में आया कि मै0 जे0पी0एस0 फाउन्डेशन कानपुर रोड लखनऊ द्वारा आवंटित कार्य में शिथिलता के कारण कठोर चेतावनी दिनांक 31.01.2024 को निर्गत किया गया है। समीक्षा में यह भी पाया गया कि मै0 शिक्षा भारती लखनऊ को 07 क्लस्टर में 280 ग्रामपंचायतें आवंटित हैं जिन्हें सर्वाधिक कार्य पूर्व से आवंटित है। अवशेष ग्रामों के आई0एस0ए0 गतिविधियों को कुशल संचालन तथा समयान्तर्गत पूर्ण किये जाने हेतु सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि अवशेष तीन क्लस्टरों को निम्न तीन आई0एस0ए0 एजेंसियों को 1–1 क्लस्टर आवंटित किया जाता हैः–

**1– मै0 प्रोग्राम सपोर्ट यूनिट फाउन्डेशन 4, रफी अहमद किदवई मार्ग कन्टोनमेन्ट लखनऊ।**

**2– मै0 ह्यूमन अप्लीफ्टमेन्ट मिशन (एच0यू0एम0) न्यू कालोनी, चकिवा चौराहा, जनपद देवरिया।**

**3– मै0 हेल्प फाउन्डेशन सफीपुरा, जनपद– बहराइच।**

अन्त में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि समस्त आई0एस0ए0 एजेंसियां अपने कुशल प्रशिक्षित मानव संसाधनों की तैनाती कर सौंपें गया दायित्वों का निर्वहन राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, (SWSM) के दिशा–निर्देश व उनके शर्तों के अनुरूप गुणवत्ता पूर्वक समय सीमा के अन्तर्गत सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें, तत्पश्चात सधन्यवाद बैठक समाप्त की गयी।

अधिशासी अभियन्ता<br>जल निगम<br>सदस्य सचिव

सहायक अभियन्ता<br>लघुसिंचाई

जिला पंचायत<br>राज अधिकारी,<br>लखीमपुर खीरी।

जिला थारू जनजाति के<br>विकास कार्यो के<br>परियोजना अधिकारी

अधिशासी अभियन्ता,<br>नलकूप खण्ड<br>लखीमपुर खीरी।

जिला सूचना<br>अधिकारी,<br>लखीमपुर<br>खीरी।

मुख्य<br>चिकित्साधिकारी<br>लखीमपुर खीरी।

अधिशासी<br>अभियन्ता, सिंचाई<br>खण्ड प्रथम<br>लखीमपुर खीरी।

प्रभागीय<br>वनाधिकारी<br>लखीमपुर खीरी।

12.02.24

जिला विकास<br>अधिकारी लखीमपुर<br>खीरी।<br>जिला विकास अधिकारी<br>लखीमपुर–खीरी

मुख्य विकास अधिकारी<br>लखीमपुर खीरी।<br>उपाध्यक्ष

**जिलाधिकारी**<br>लखीमपुर खीरी।<br>अध्यक्ष